आधुनिक प्रौद्योगिकी से हिंदी का हो सरलीकरण – प्रो. विजय कुमार कौल

वर्धा, 10 मार्च, 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र के प्रो. विजय कुमार कौल को पिछले वर्ष दक्षिण कोरिया की प्रसिध्द एचयूएफएस ग्लोबल कॅम्पस में एक वर्ष के लिए भारतीय अध्ययन केंद्र में एक वर्ष की अवधि के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रो. कौल ने हाल ही में अपना पदभार ग्रहण किया है। प्रो. कौल के अनुसार कोरिया में अध्ययन एवं अध्यापन का समय उनके लिए एक अच्छा अनुभव रहा। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हिंदी के अंतरराष्ट्रीयकरण, हिंदी की प्रौद्योगिक एवं हिंदी भाषा शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिये। भारत विद्या (इंडोलॉजी) के प्रोफेसर होने के कारण उनको भारतीय मूल की भाषा वैज्ञानिक उपलब्धियां जैसे पतंजली, भारतीय लहरी इत्यादी के अनुभवों को कोरिया में सांझा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ। कोरिया से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें अपनी मूल भारतीय विद्या से जुड़कर आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषायों को सरलतम बनाया जाए।